तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 20 नवंबर 2024



12 कृषि महाविद्यालय ने खेलकूद प्रतियोगिता...



12 किसानों की सुविधानुसार करें धान उपार्जन ...







Shri Gopala HOSPITAL

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई जयंती



**भानुप्रतापपुर।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर एवं झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जयंती दिवस सरस्वती शिशु मंदिर में 19 नवंबर को मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता भावेश साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर हरिराम मधुकर, जिला प्रचारक गोकुल साहू, मनोज सिन्हा, राकेश गड़करी उपस्थित रहे।

### भानुप्रतापपुर के 40 बच्चों हुए शामिल



**भानुप्रतापपुर।** राज्य स्तरीय,स्टूडेंट्स वॉलेंटियर्स कैंप उमरिया रायपुर में आयोजित किया गया जिसमें राज्य के 10 स्कूलों ने हिस्सा लिया जिसमें मार्च पास्ट, पीटी, योग साधना, एवं विभिन्न प्रकार के खेल, कबड्डी, खो, रेस, ऊंची कूद, लंबी कूद, रिले रेस ,स्पीच, ड्राइंग, क्विज आयोजित किया गया। कैंप में आनन्द मार्ग इंग्लिश मीडियम स्कूल भानुप्रतापपुर से 40 बच्चो का ग्रुप शामिल हुआ और अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए विभिन्न इवेंट्स में स्थान पाकर अपने स्कूल एवं नगर का नाम रोशन किया। इस कार्य में शाला के प्रिंसिपल अजय सिंह राठौर, शिक्षक बाबूलाल विश्वास, सूरज कुमार, पूनम कुरेटी, मंजू विश्वकर्मा, भूमिका साहू, पूनम नेताम, प्रेम साहू आदि का विशेष सहयोग रहा।

### कोदापाखा में जनसमस्या निवारण शिविर 27 को

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदापाखा में 27 नवंबर को सुबह साढ़े 10 बजे से ढाई बजे तक कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के निर्देश पर विकासखंडस्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन कियाजाएगा। आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत कोदापाखा मेड़ों, बागाचार पाऊरखेडा, सुखई, सिहारी, कर्रामाड़, खूटगांव, भंडारडिगी, हानपतरी एवं अन्य ग्रामों के ग्रामीण शामिल होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुरेंद्र बंजारे ने शिविर में जिला स्तरीय व क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### तकनीकी त्रुटि में किया सुधार 22 तक समय निर्धारित

**कांकेर।** जिले के 14 उत्कृष्ट विद्यालय अंतागढ़, आमाबेड़ा, भानुप्रतापपुर, कोरर, चारामा, हल्बा, दुर्गूकोंदल, कोड़ेकुर्से, हरनगढ़, बांदे, कोयलीबेड़ा, नरहरपुर, सरोना और नरहरदेव में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय संविदा कर्मचारियों के रिक्त पदों की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए तकनीकी त्रुटि आ गई थी, जिसमें आवश्यक सुधार करके जिले की वेबसाइट के माध्यम से प्रेषित किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व लिंक में आवेदन किया है, उन्हें पुनः करने की आवश्यकता नहीं है। यदि ऑनलाइन ▶▶| शेष पेज 10 पर

**कार्रवाई : अतिसंवेदनशील गांव बेचाघाट के व्यापारी के गोदाम में मिला अवैध धान**

# धान का अवैध परिवहन करने वाले आरोपियों को वाहन सहित दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- मंडी के अलावा राजस्व की टीम भी करेगी जांच, अवैध परिवहन पर होगी कार्रवाई

धान खरीदी में सबसे ज्यादा गड़बड़ी कांकेर जिले के पखांजुर तहसील में होती है और हर साल धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है और कई लोग जेल की सलाखों में जा चुके है। पखांजुर क्षेत्र के खरीदी केंद्र का प्रभारी बनने पर बोली लगती है और यह बोली 3 से 4 लाख में लगती है। प्रशासन के द्वारा अभी से सख्ती बरतने पर अवैध रूप से धान परिवहन करते हुए 3 पिकअप को दबोचा गया और एक व्यापारी के घर से अवैध धान को भी जप्त किया गया।

खरीफ विपणन वर्ष से 2024- 25 के तहत राज्य सरकार द्वारा किसानों से धान खरीदने की कार्रवाई में 14 नवम्बर से प्रारंभ हो गई है। इसी के साथ ही अवैध रूप से धान का परिवहन, भंडारण और विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के तहत जिले में धान के अवैध रूप से परिवहन, भण्डारण, विक्रय करने वालों पर मैदानी अमले द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उड़नदस्ता दल भानुप्रतापपुर द्वारा 19 नवंबर को धान का अवैध परिवहन, भण्डारण के चार अलग-अलग प्रकरणों में 3 पिकअप वाहनों में रखे गए कुल 187 कट्टा लगभग 155 क्विंटल धान जब्त कर इसमें संलिप्त लोगों के विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19 और धारा 02 (1) के तहत नियमानुसार कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर तहसील अंतर्गत कृषि उपज मंडी संबलपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्से में पखांजूर मंडी क्षेत्र के कुछ व्यापारियों को 19 नवंबर को सुबह 5 बजे अवैध रूप से धान का व्यापार करते हुए पाया गया। मंडी जांच संयुक्त दल द्वारा संबलपुर मंडी सचिव एलएन नेताम तथा उप निरीक्षकों के द्वारा सुजान हलधर पिता कृष्णा हलधर ग्राम पखांजूर को वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 6366 में 22 कट्टाा अवैध धान जिसकी मात्रा लगभग 9 क्विंटल को अवैध ढंग से परिवहन किया जा रहा था, जिसे वाहन सहित जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया। संयुक्त टीम के द्वारा दीपांकर हलधर पिता धीरेंद्र हलधर ग्राम पखांजूर से वाहन क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 9254 में 75 कट्टो (30 क्विंटल) धान का परिवहन किया जा रहा था, जिसें जब्त किया गया। इसके अलावा ▶▶| शेष पेज 10 पर









### विधान के गोदाम से 90 बोरा धान हुआ जब्त

संयुक्त जांच टीम द्वारा बेचाघाट पखांजूर स्थित व्यापारी विधान मंडल के गोदाम से 90 बोरा धान जिसका वजन 36 क्विंटल है, का अवैध रूप से भण्डारण किया गया था। उक्त धान को टीम द्वारा जब्त कर मंडी अधिनियम 1972 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में खाद्य निरीक्षक एवं मंडी उप निरीक्षक एवं स्टॉफ सम्मिलित थे।

### जंवरतरा में 100 बोरा धान की हुई जब्त

चारामा तहसील अंतर्गत ग्राम बरगरी एवं जवरतरा में राईस मिलरों व ट्रेडर्स के संस्थानों के गोदामों में निरीक्षण किया गया। राईस मिल के गोदामों से किसी प्रकार का अवैध भण्डारण नहीं पाया गया। इसी दौरान ग्राम जंवरतरा की फर्म सिन्हा ट्रेडर्स प्रो. लखन लाल सिन्हा के गोदाम निरीक्षण में 100 बोरी 40 क्विंटल धान अवैध रूप से भंडारित पाया गया, जिसे जब्त कर मण्डी अधिनियम के तहत प्रकरण तैयार कर नियमानुसार कार्रवाई किया गया। जांच दल में भारसाधक अधिकारी प्रमिला मंडावी, मंडी सचिव शकुंतला ओझा, फूड इंस्पेक्टर आरती यादव तथा मण्डी कर्मचारी शिशुपाल साहू शामिल रहे।

### शिकायत मिलने पर भी की जाएगी कार्रवाई

कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने बताया कि जिले के सभी मंडी के अधिकारियों को औचक जाँच के लिए निर्देशित किया गया था, उसी के तहत यह कार्रवाई हुई है। शिकायत मिलने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाएगा। जाँच के लिए मंडी के अलावा राजस्व की टीम को भी लगाया गया है।

# सहायक ग्रेड तीन में नौकरी लगाने के नाम पर ढाई लाख की ठगी

**पैसा वापस नहीं करने पर कराई एफआईआर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर थाना क्षेत्र के किरगोली के युवक को सहायक ग्रेड तीन पर शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर ठगा गया। आरोपी ठग ने पीड़ित से ढाई लाख रुपए ले लिए और जब पैसा वापस मांगा गया तो पीड़ित को घुमाने लगा। आरोपी ठग से परेशान होकर पीड़ित ने कांकेर थाना में आरोपी के खिलाफ 420 भादवि के तहत मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। थाना में शिकायत करने पहुंचे किरगोली निवासी देवेंद्र कुमार दुग्गा ने पुलिस को बताया कि आरोपी कोरर थानांतर्गत ग्राम बैजनपुरी निवासी लेखराम सिंहा ने नौकरी लगा दूंगा कहकर नौकरी के नाम पर 2 लाख 50 हजार रुपए मांगे। नौकरी मिलने की लालसा में आरोपी को अगल-अगल करके कुल 2 लाख 50 हजार रुपए दे दिया। पैसा लेने के बाद आज कल में नौकरी लग जाएगा कह कर घुमाने लगा। नौकरी नहीं लग रहा करके मैंने पैसा वापिस मांगा तो नहीं दे रहा है। आज कल में पैसा का व्यवस्था करके देता हूं बोलते हुए टालमटोल कर रहा है। आरोपी ने सहायक ग्रेड तीन में शासकीय पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी किया है। आरोपी के द्वारा क्षेत्र के कई लोगों का पैसा लेकर धोखाधड़ी किया है, जिससे कई लोग बहुत ज्यादा ही परेशान है। आरोपी जिले के कई इलाके के लोगों को ठगा है। पुलिस ने इसीलिए इस मामले की एफआईआर को सेंसटिव में रखा है, जिससे आरोपी की विस्तृत जानकारी का खुलासा न हो सके। पुलिस आरोपी को दबोचने के लिए लगी हुई है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।




# उधारी पैसा जमा नहीं करने पर दुकानदार ने युवक को पीटा

- शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत शांतिपारा में उधारी का पैसा नहीं देने पर दुकानदार ने युवक की डंडे से बेतहाशा पिटाई कर घायल कर दिया। आरोपी ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया है। युवक का कहना है कि उसकी पत्नी ने आरोपी के दुकान से कुछ सामान लिया था, जिसका पैसा 6 माह के बाद भी नहीं दे पाने पर आरोपी ने इसी बात को लेकर मारपीट किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे शांतिपारा बांदे निवासी 32 वर्षीय मिहिर मृधा पिता बबलू मृधा ने पुलिस को बताया कि मैं राजमिस्त्री व मजदूरी का काम करता हूं। करीबन 6 माह पहले शांतिपारा निवासी जयदेव सिंग पिता अमृत सिंग के किराना दुकान से मेरी पत्नी रेश्मा मृधा ने 200 रुपए का समान उधारी में ले आई थी, जिसका पैसा जमा नहीं कर पाया था। आरोपी जयदेव सिंग ने 17 नवंबर को सुबह साढ़े 11 बजे मेरे से उधारी का पैसा मांगा तो मैं बोला कि अभी पैसा नहीं है, तो दुकानदार जयदेव गुस्सा में आकर 6 माह से पैसा नहीं दे रहा है, बोलते हुए गाली देने लगा और हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट से बचते हुए जैसे तैसे घटनास्थल से जान बचाकर भागकर में जैसे तैसे अपने घर आया, परंतु आरोपी भी मेरे घर आकर कहने लगा कि आज तुमको जान से मार दूंगा, ऐसी धमकी देते हुए फिर से डंडा से मारपीट करने लगा। परिजनों के बीच बचाव से मेरी जान बच सकी। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।







# भागवत कथा में मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव व किया दही लूट

**कांकेर।** ठेलकाबोड़ बड़ेपारा में राजिम के फिंगेश्वर निवासी त्रिभुवन महाराज के द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया गया, जहाँ मुहल्ले के श्रद्धालु भागवत कथा स्थल पर पहुँचकर कथा का रसपान किया। विकासखंड कांकेर के ग्राम ठेलकाबोड़ के बड़ेपारा में राधेलाल साहू और मोतीलाल साहू के द्वारा कथा का आयोजन किया गया, जिसमें 19 नवंबर को समुद्र मंथन के अलावा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और दही लूट का आयोजन किया गया। इसके उपरांत 20 नवंबर बुधवार को श्रीकृष्ण लीला, छप्पन भोग, रूखमणी विवाह, 21 नवंबर गुरुवार को 16108 रानियों की कथा, श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र, 22 नवंबर को श्रीकृष्ण परमधाम, परिक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा, 23 नवंबर गीता हवन, कपीला तर्पण पूर्णाहुति औरी दोपहर 1 बजे कथा का समापन होगा और उसके उपरांत प्रसाद का वितरण किया जाएगा। रूखमणी महिला मानस मंडली के द्वारा प्रतिदिन रामचरित मानसगान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष योगिता ▶▶| शेष पेज 10 पर

# बलरामपुर जिले में तिहरे हत्याकांड को लेकर सेन समाज ने सौंपा ज्ञापन

- मृतक के परिजन को दो करोड़ मुआवजा व सरकारी नौकरी की मांग रखी



**कांकेर।** बलरामपुर जिले के दहेजवार ग्राम में हुए तिहरे हत्याकांड पर कार्रवाई की माँग को लेकर सेन समाज ने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री व राज्यपाल के नाम कांकेर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। समाज के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपने के दौरान मीडिया से संवाद करते हुए बताया कि बलरामपुर जिले के दहेजवार (कंचनपुर) ग्राम में हुए तिहरे हत्याकांड के रूप में एक जघन्य अपराध हुआ, जिसमें नरकंकाल को पुलिस ने बरामद किया है। तीनों नर कंकाल हमारे समाज के थे। कुसुमी थाने में लगातार शिकायत किए जाने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है। पुलिस द्वारा यथा समय कार्रवाई की गई होती तो इस हत्याकांड को रोका जा सकता था, इस जघन्य हत्याकांड से हमारे सर्व नाई सेन समाज के लोग अत्यंत दुखी और आक्रोशित हैं। मृतक परिवार को दो करोड़ रुपए राशि का मुआवजा शासन द्वारा दिया जाए। मृतकों के परिवारजन से किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाए। परिवार के 15 वर्षीय बच्ची मधु ठाकुर की पढ़ाई का संपूर्ण खर्च शासन द्वारा वाहन किया जाए।

ज्ञापन देने वालों में सेन समाज जिला अध्यक्ष कैलाश सेन, संरक्षक अरुण कौशिक, दिनेश सेन, प्रदीप कौशिक, पवन सेन, कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर कौशिक, मीडिया प्रभारी लोकेश्वर सेन, सेलून संघ कांकेर अध्यक्ष सोमलाल सेन , दिनेश शांडिल्य , विनोद शांडिल्य उपस्थित रहे।

**कम पानी और लागत में अधिक उत्पादन को दे रहे प्रोत्साहन**

# रबी की खेती को बढ़ावा देने एसएचजी की महिलाओं को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- किसानों को फसल का सही चयन करने में देंगे मदद

रबी की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्लस्टर लेवल का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह पहल जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए और पानी की उपलब्धता को देखते हुए किया गया, ताकि किसानों को फसल का सही चयन करने में मदद मिल सके। प्रशिक्षण में किसानों को धान और सब्जी खेती का तुलनात्मक अध्ययन कराया जा रहा है, जिसमें कम लागत और कम पानी की खेती को प्राथमिकता दी जा रही है। रबी की फसल के अंतर्गत मुख्य रूप से गेहूं, चना, मसूर, सरसों, मक्का, लहसुन, धनिया और विभिन्न प्रकार की सब्जियों को शामिल किया गया है। इन फसलों का चयन विशेष रूप से जलवायु अनुकूलता और बाजार में मांग के आधार पर किया गया है।






प्रशिक्षण के दौरान किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज, जैविक खाद, और प्राकृतिक कीटनाशकों का उपयोग सिखाया जा रहा है। यह कार्य हॉटिकल्चर और कृषि विभाग की तकनीकी सहायता से किया जा रहा है। किसानों को मृदा परीक्षण, जल प्रबंधन, और जैविक खेती की तकनीकों पर भी विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। चार क्लस्टरों के 105 ग्राम संगठनों से जुड़े लगभग 1200 परिवारों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें महिलाओं के स्वयं सहायता समूह की महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की गई है, ताकि वे रबी फसल की खेती से अपनी आजीविका को सशक्त बना सकें।

### किसानों की आय में होगा सुधार

प्रशिक्षण में सुधीर यादव ने बताया कि किसानों को जलवायु-लचीले खेती के तरीकों से परिचित कराना। कम पानी और कम लागत में अधिक उत्पादन को प्रोत्साहन देना। जैविक खेती और प्राकृतिक संसाधनों का कुशल उपयोग करना। यह पहल न केवल कृषि उत्पादकता को बढ़ाएगी बल्कि किसानों की आय में भी सुधार करेगी और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाएगी।

### मतदान 80 एवं 81 के चुने गए बूथ अध्यक्ष



**भानुप्रतापपुर।** भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर के अंतर्गत भानुप्रतापपुर शहर के मतदान केंद्र 80 एवं मतदान केंद्र 81 का गठन किया गया। मतदान केंद्र 80 के बूथ अध्यक्ष सर्व सम्मति से हरि यादव को चुना गया एवं मतदान केंद्र 81 में बूथ अध्यक्ष लखन साहू को चुना गया और अन्य सभी पदों पर सर्व सम्मत से चयन किया गया। इस अवसर में संगठन सहयोगी छत्रप्रताप दुग्गा, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष निखिल राठौर, अभय पांडेय, कमलेश गावड़े, भीखम आरदे, ▶▶| शेष पेज 10 पर


हरिभूमि

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### स्वरोजगार स्थापना के लिए जागरुकता शिविर कल

**कोण्डागांव।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोण्डागांव द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनाओं एवं औद्योगिक नीति 2025–30 के संबंध में एक दिवसीय जागरुकता शिविर कल दोपहर 12 बजे नगर पंचायत, केशकाल में आयोजित किया जा रहा है। उक्त शिविर में क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, निवास, जाति प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत का अनापति, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ उपस्थित हो सकते हैं। उक्त शिविर में सेवा क्षेत्र ग्राहक सेवा केन्द्र, मोटर सायकल रिपेयरिंग, सिलाई, मोबाईल रिपेयरिंग और निर्माण क्षेत्र ईंट निर्माण, वेल्डिंग, जालीतार निर्माण, पापड़, आचार निर्माण, फर्नीचर इत्यादि क्षेत्र में स्वरोजगार स्थापना के लिए सहायता प्रदाय की जाएगी।

### जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक आज से

**कोण्डागांव।** जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक 2024 स्थानीय विकासनगर स्टेडियम में 20 से 24 नवम्बर तक आयोजित होगी, जिसमें विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी जिला स्तर पर अपना खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला खेल अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 नवंबर को रस्साकस्सी, एथलेटिक्स और बैडमिंटन विकासनगर स्टेडियम में, कराते टाउन हॉल में, खो–खो एनसीसी ग्राउंड में, व्हालीबॉल खेल परिसर व्हालीबॉल मैदान, बड़ेकनेरा रोड में, कबड्डी खेल परिसर बड़ेकनेरा रोड, कबड्डी मैदान में आयोजित होगा। जिसमें महिला वर्ग के 17 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ी भाग लेंगे। 21 नवम्बर को एथलेटिक्स विकासनगर स्टेडियम, कराते टाउन हॉल, खोखो एनसीसी ग्राउण्ड, व्हालीवॉल, कबड्डी खेल परिसर बड़ेकनेरा और बैडमिंटन विकास नगर इण्डोर स्टेडियम में अयाजित होगा।

## पेज 09 के शेष...

### धान का अवैध...

देवजीत हलधर पिता रविन हलधर ग्राम पखांजूर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीके 5492 में 65 कट्टो (26 क्विंटल) धान जब्त कर मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19 और धारा 02 (1) के तहत नियमानुसार कार्रवाई किया गया। यह आरोपी धान का अवैध ढंग से बिना कागजात के परिवहन कर रहे थे और औचक जाँच में धान का अवैध परिवहन करते हुए आरोपियों को दबोचा गया।

### भागवत कथा में...

ठाकुर, अनीता सिन्हा, रामेश्वरी जैन, पद्मजा देवकर, नीलिमा बघेल, रागनी साहू, लता देवकर व गांव के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### तकनीकी त्रुटि में...

आवेदन करने में समस्या आ रही हो तो अभ्यर्थी ऑफलाइन जिले के मेल आईडी में 22 नवम्बर सायं 05 बजे तक मेल कर सकते हैं।

### मतदान 80 एवं...

पार्षद राजिंदर रंधावा, कुंदन साहू, ललित गांधी,शकुंतला यादव, सुलोचना जैन, सीता चंद्राकर,भीम देवांगन, उर्मिला जसूजा,घसिया साहू,गणेश पटेल, विजय पंजवानी, कलीम कुरैशी, मणि यादव, शैलेन्द्र नाग, प्रेम सांगरे, गीता ठाकुर, भुवन भुआर्य, सुखबति नरेटी, चंद्रशेखर महिलांगे, राकेश देवांगन, अमन तिवारी, ओम प्रकाश सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# कोंडागांव मेंढर तालाब बना पर्यटन केंद्र, ऐतिहासिक और प्राकृतिक सुंदरता ने मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के अमरावती वन परिक्षेत्र में स्थित मेंढर तालाब अब धीरे–धीरे एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर इस तालाब को रियासत काल के दौरान स्थानीय राजा–महाराजाओं ने घने जंगलों के बीच बनवाया था। यह तालाब केवल ऐतिहासिक धरोहर ही नहीं है, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य और प्रवासी पक्षियों का अद्भुत संगम भी प्रस्तुत करता है।

रियासत काल में मेंढर तालाब को बनाने का उद्देश्य केवल जल स्त्रोत नहीं था, बल्कि यह राजा–महाराजाओं के विश्राम के लिए एक आदर्श स्थान भी था। तालाब के पास बने विश्रामगृह में राजा–महाराजा अपनी छुट्टियां बिताते थे और यहाँ से अन्य स्थानों का भ्रमण करते थे। हालांकि, आज यह विश्रामगृह खंडहर में तब्दील हो चुका है, लेकिन इसकी ऐतिहासिक महत्ता के कारण लोग इसे देखने आते हैं।


मेंढर तालाब में वर्षों से प्रवासी पक्षियों का बसेरा रहा है। हर साल नवंबर से फरवरी के बीच साइबेरिया से पक्षी यहाँ आते हैं। यह तालाब उनके प्रजनन और बच्चों के पालन–पोषण का प्रमुख स्थान बन गया है। पक्षी यहां अंडे देते हैं और उनके बच्चे बड़े होकर वापस साइबेरिया लौट जाते हैं। वन विभाग इन प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित करता है।

अमरावती वन परिक्षेत्र के रेंजर प्रतीक वर्मा ने बताया कि मेंढर तालाब को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। इस प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि तालाब और उसके आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य को कोई नुकसान न हो।

### बनाए गए है ट्री हाउस

तालाब के आसपास ट्री हाउस बनाए जा रहे हैं, ताकि पर्यटक प्रकृति के करीब रहकर इसका आनंद ले सकें। इसके अलावा एडवेंचर गेम्स और लकड़ी के पुल जैसी सुविधाओं को भी विकसित किया जा रहा है। अब यह जगह पिकनिक स्पॉट के रूप में प्रसिद्ध हो रही है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों से यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है। जंगल के बीच स्थित इस तालाब के पास एडवेंचर प्रेमियों के लिए कई आकर्षक गतिविधियां तैयार की जा रही हैं। वन विभाग ने यहां अधिक कृत्रिम निर्माण से बचते हुए इसे प्राकृतिक रूप में संरक्षित रखने की योजना बनाई है। तालाब के आसपास हरे–भरे पेड़ों और वन्यजीवों का ध्यान रखा जा रहा है, ताकि रियासतकालीन तालाब की ऐतिहासिक और प्राकृतिक सुंदरता बनी रहे।












### स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा लाभ

पर्यटन के बढ़ने से स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। छोटे व्यवसायियों को भी तालाब के ईद–गिर्द अपनी आजीविका चलाने का मौका मिल रहा है। मेंढर तालाब अपनी ऐतिहासिक विरासत, प्रवासी पक्षियों और प्राकृतिक सुंदरता के कारण पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। सरकार और वन विभाग की योजनाएं इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर रही हैं। यह स्थान न केवल पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है, बल्कि स्थानीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का भी प्रतीक बन रहा है।

---

**सरेंडर:** नक्सल उन्मूलन नीति एवं "नियद नेल्ला नार" योजना से भी है प्रभावित

# खोखली विचारधारा और शोषण से तंग आकर एक महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

पुलिस के प्रयास व शासन की नीतियों से प्रभावित होकर प्रतिबंधित माओवादी संगठन परतापुर एरिया कमेटी अन्तर्गत मेढ़की एलओएस पार्टी सदस्य महिला नक्सली कु.आयते नुरेटी उर्फ नंदनी ग्राम बिनागुण्डा निवासी थाना छोटेबेठिया जिला कांकेर क्षेत्र ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी नारायणपुर प्रभात कुमार, उप पुलिस अधीक्षक विनय कुमार, अमृता पैकर के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। आत्मसमर्पित महिला नक्सली को शासन की नक्सल उन्मूलन नीति के तहत 25 हजार प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया हैं।

नारायणपुर पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। वही दूसरी ओर छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल उन्मूलन नीति/नियत नेल्ला नार का भी वृहत रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। माड़ क्षेत्र में नवीन कैम्प स्थापित होने से विकास कार्यों में तेजी आई है। विगत माह से माओवादियों के सभी डिवीजन/ एरिया कमेटी क्षेत्र में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों द्वारा नक्सलियों के गढ़ क्षेत्रों में आकार्‌मक रणनीति के तहत नक्सल विरोधी ऑपरेशन संचालित कर माओवादी संगठन को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में अब तक 46 बड़े एवं मध्यम कैडरों को सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ में मारा गिराया गया है। जिसमें एसजेडसी, कम्पनी नम्बर 01, कम्पनी नम्बर 06 तथा डीवीसीएम/एसीएम रेंक तथा एरिया कमेटी स्तर के नक्सली शामिल है। नक्सलियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई से नक्सलियों में भय व्याप्त है तथा बड़ी संख्या में नक्सली संगठन छोड़कर भाग रहे है। परतापुर एरिया मेंढ़की एलओएस सदस्या महिला नक्सली कु0 आयते नुरेटी उर्फ नंदनी का आत्मसमर्पण इसी का परिणाम है।

### खास बातें

- सुरक्षा बलों के लगातार कार्रवाईसे माओवादियों में है भय का माहौल
- आत्मसमर्पित महिला नक्सली प्रतिबंधित माओवादी संगठन मेंपरतापुर एरिया मेढ़की एलओएस पार्टी सदस्य थीं




### और भी नक्सली कर सकते हैं सरेंडर

आने वाले समय में और भी नक्सलियों के संगठन छोड़कर समर्पण करने की गोपनीय सूचना मिल रही है। पुलिस अधीक्षक नारायणपुर प्रभात कुमार द्वारा नक्सलियों के शीर्ष नेतृत्व के दबाव में आकर नक्सली संगठन से जुड़े ग्राम स्तर/पंचायत स्तर/ एरिया स्तर के लोकल कैडरों से अपील किया गया कि वे भय मुक्त होकर आत्मसमर्पण कर शासन की पुर्नवास योजना का लाभ लेवें और समाज की मुख्य धारा में जुड़कर नये जीवन की शुरूवात करें। आत्मसमर्पित महिला नक्सली वर्ष 2021 से नक्सली संगठन से जुड़कर विगत 04 वर्षो से कार्यरत थी इस दौरान थाना सोनपुर, छोटेबेठिया, कोयलीबेड़ा क्षेत्र में घटित विभिन्न नक्सली गतिविधियो में शामिल रही हैं। आत्मसमर्पित महिला नक्सली को शासन की "नक्सल उन्मूलन नीति" के तहत सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# अधिकार मित्रों को दिया गया मासिक प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप की अध्यक्षता में एक दिवसीय मासिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें कोण्डागांव और नारायणपुर के समस्त थाना, लीगल एड क्लीनिक एवं प्रबंध कार्यालय में कार्यरत अधिकार मित्रध्पैरालीगल वॉलंटियर्स ने भाग लिया।

प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम, 2005 की जानकारी दी गई, जो महिलाओं को अंधविश्वास और हिंसा से सुरक्षा प्रदान करता है। सचिव गायत्री साय ने विधिक साक्षरता शिविरों और 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए।

अधिवक्ताओं ने आदिवासियों के अधिकार संरक्षण के लिए एनएएलएसए योजना, 2015 की जानकारी साझा की, जिसका उद्देश्य आदिवासी समुदायों को न्याय सुलभ कराना है। कार्यक्रम में विभिन्न अधिवक्ता व पैरालीगल वॉलंटियर्स उपस्थित रहे।

# जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का किया शुभारम्भ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकास नगर स्थित सामुदायिक भवन में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 का शुभारम्भ किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के तहत पहले चरण में आवास से वंचित हितग्राहियों को अब दूसरे चरण में पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा। योजना के दूसरे चरण के लिए हितग्राही सर्वेक्षण का कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया है। इस दौरान हितग्राहियों का सांकेतिक रूप से सर्वेक्षण प्रपत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग के परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। योजना को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है। जिनमें लाभार्थी आधारित निर्माण, भागीदारी में किफायती आवास, किफायती किराया आवास और ब्याज सब्सिडी शामिल हैं। इच्छुक आवेदक केंद्र सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही, शहरी निकायों में हेल्पडेस्क भी स्थापित की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान किया जा सके।

### योजना के लिए अनिवार्य दस्तावेज और पात्रता

लाभार्थी परिवार में पति, पत्नी, अविवाहित बेटे और बेटियां शामिल होंगी। परिवार के किसी भी सदस्य के नाम देश में कहीं भी पक्का मकान नहीं होना चाहिए। सभी सदस्यों का आधार कार्ड अनिवार्य है। आवेदक को 31 अगस्त 2024 के पूर्व स्थानीय निकाय क्षेत्र का निवासी होना चाहिए। शासन द्वारा योजना के दायरे को बढ़ाते हुए तीन आय वर्गों को शामिल किया गया है। पहला आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक, निम्न आय वर्ग में वार्षिक आय छह लाख रुपये तक और मध्यम आय वर्ग में वार्षिक आय नौ लाख रुपये तक शामिल है। इस दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र के लिए राजस्व विभाग के कर्मचारियों तथा राशन कार्ड संबंधी कायोंर् के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अविनाश भोई, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, पार्षद अंकुश जैन, सोनामणि पोयम और निरांबर जाली उपस्थित रहे।

# कानागांव में धान खरीदी केंद्र न खुलने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले के ग्राम कानागांव के किसानों ने धान खरीदी केंद्र न खुलने को लेकर भारी असंतोष व्यक्त किया है। इस समस्या को लेकर किसान जिला कार्यालय पहुंचे और अपनी पीड़ा अधिकारियों के समक्ष रखी। किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष 2023–24 में अस्थायी रूप से कानागांव में धान खरीदी केंद्र खोला गया था। जिससे उन्हें काफी राहत मिली थी। लेकिन इस वर्ष अब तक यह केंद्र चालू नहीं किया गया है। जिससे उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि इस बार विधायक नीलकंठ टेकाम ने केंद्र चालू कराने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद केंद्र अब तक नहीं खोला गया है। इससे किसानों को मजबूरन 30 किलोमीटर दूर इरागांव जाकर धान बेचने की परेशानी झेलनी पड़ रही है। लंबी दूरी और खराब कच्चे रास्तों के कारण यह प्रक्रिया किसानों के लिए बेहद कठिन हो गई है। कक किसानों ने अपनी समस्या को विस्तार से बताते हुए कहा कि इरागांव तक धान पहुंचाने के लिए उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसपोर्ट की सुविधा न होने के कारण अधिकांश किसानों को बैलगाड़ी, ट्रैक्टर या पैदल ही धान ले जाना पड़ता है। बारिश और खराब सड़कों के कारण यह सफर और भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इससे न केवल समय और श्रम की बर्बादी हो रही है, बल्कि अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ रहा है।

### मुख्यमंत्री से मिलने की दी चेतावनी

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कानागांव में धान खरीदी केंद्र शुरू नहीं किया गया, तो वे रायपुर तक पैदल मार्च करेंगे और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलकर अपनी समस्या रखेंगे। धान खरीदी केंद्र का न खुलना सरकार की किसान हितैषी नीतियों पर भी सवाल खड़े करता है। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर जिला प्रशासन से संपर्क किया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रशासन की ओर से केवल यह कहा जा रहा है कि समस्या पर विचार किया जा रहा है। लेकिन किसानों का कहना है कि यह समस्या समय पर हल नहीं हुई तो उनके आर्थिक हालात और खराब हो जाएंगे।

# सहायक शिक्षकों को दिया स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के आदेशानुसार सहायक शिक्षकों का पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण का शुभारंभ बीआरपी भास्कर वर्मा के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया । इसके पश्चात सरस्वती वंदना की गई, इस दौरान लेखापाल सुदीप द्विवेदी, सौम्य देवांगन, अतुल सिंगरौल, डीआरजी श्रीमती संध्या श्रीवास्तव व्याख्याता,विनय मजूमदार व्याख्याता एवं लोकेश्वर बारले उपस्थित रहे।

भास्कर वर्मा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण काफी रोचक है आप पूरे अनुशासन के साथ इस प्रशिक्षण को लेने के लिये तत्पर रहें। निश्चित ही इसका फायदा स्कूली बच्चों को पहुंचेगा। प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षणार्थियों के आपसी सहयोग से इंग्लिश स्पोकन का यह प्रशिक्षण काफी आसान होगा।

हमारे सभी प्रशिक्षक अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करके राज्य से आए हुए हैं इन्हें सहयोग प्रदान कीजिए उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि जी हमारे जिले में यह प्रशिक्षण तीन ब्लाकों में हो चुका है वर्तमान में दो ब्लॉक में यह प्रशिक्षण चल रहा है अभी बर्तमान में 120 शिक्षकों के 60-60 के दो ग्रुप बना अलग अलग कमरों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, बाकी बचे शिक्षकों को अगले चरण में ट्रेनिंग दिया जाएगा ।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत सभी वंचित हितग्राहियों को करें लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज समय–सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 के तहत जिले के छूटे हुए हितग्राहियों को शत–प्रतिशत लाभ दिलाने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने इसके क्रियान्वयन के लिए सुनियोजित शिविर के आयोजित करने और आय, जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही दिक्कतों को दूर करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विभागीय प्रगतिरत कार्यों को समय–सीमा में पूर्ण कराएं और कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

कलेक्टर श्री दुदावत ने बैठक में किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक और बीज की उपलब्ध कराने कृषि केंद्रों में जांच के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि वे सेम्पल लेकर जांच कराएं और गुणवत्ताहीन पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करें। साथ ही उन्होंने कहा कि किसानों को सहकारी




समिति से ही उर्वरक खरीदने के लिए प्रोत्साहित करें। कलेक्टर ने राशन कार्ड की ईकेवायसी, पीडीएस बारदाना संग्रहण की प्रगति सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत कार्यों में प्रगति लाने के लिए सभी नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से गांव में जाकर निगरानी करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों के लिए बनाए गए नोडल अधिकारियों को भी अपने–अपने केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर सत्यापन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**कुरूद में आयोजित साउथ जोन खेल प्रतियोगिता में बिखेरी चमक**

# कृषि महाविद्यालय ने खो- खो में गोल्ड मेडल के साथ 18 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

लिंगों मुदियाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र नारायणपुर के छात्रों ने साउथ जोन अंतर्महाविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता 2024 में शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 14 से 16 नवंबर तक कृषि महाविद्यालय कुरूद में आयोजित की गई थी। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत संचालित इस महाविद्यालय की 42 सदस्यीय टीम ने अधिष्ठाता डॉ. रत्ना नशीने के दिशानिर्देश और मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में भाग लिया। स्पोर्ट्स टीम मैनेजर डॉ. नीता मिश्रा और डॉ. नवीन कुमार मरकाम ने बताया कि हर वर्ष इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के तहत नॉर्थ, साउथ, ईस्ट और वेस्ट जोन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।





इस वर्ष कुरूद में आयोजित साउथ जोन प्रतियोगिता में 18 से अधिक खेल शामिल थे। जिनमें महाविद्यालय के छात्रों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

गर्ल्स खो-खो टीम ने स्वर्ण पदक और गोल्डन ट्रॉफी जीतकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। वॉलीबॉल में टीम ने सिल्वर मेडल और कबड्डी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष खो-खो टीम ने सिल्वर मेडल जीता और कबड्डी में तृतीय स्थान हासिल किया। व्यक्तिगत श्रेणी में, 1500 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिला वर्ग में अंकिता कांगे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में प्रियंका ने सिल्वर मेडल और लंबी कूद में कौशल्या ने कांस्य पदक हासिल किया। इसके अतिरिक्त, महिला रिले रेस में टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, 100 मीटर में तृतीय, 400 मीटर में द्वितीय और 800 मीटर में तृतीय स्थान पर रही। इनडोर खेलों में, बैडमिंटन डबल्स में चंदा और सुशीला ने सिल्वर मेडल, जबकि कुमार और नमन मौर्य ने कांस्य पदक जीते। बैडमिंटन सिंगल्स में चंदा उसेंडी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल मिलाकर प्रतियोगिता में 18 पदक जीतने पर अधिष्ठाता डॉ. रत्ना नशीने ने सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विजयी टीम के नारायणपुर लौटने पर महाविद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।

## खबर संक्षेप

### गमावाड़ा व बासनपुर में मनाया गया विश्व शौचालय दिवस



**दंतेवाड़ा।** आज 19 नवंबर विश्व शौचालय दिवस पर जिला दंतेवाड़ा के नियद नेल्लानार ग्राम गमावाड़ा और बासनपुर में विश्व शौचालय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम गमावाडा के ही निवासी जितेंद्र भास्कर द्वारा अपने नये व्यक्तिगत शौचालय का उदघाटन किया और हमेशा शौचालय का उपयोग करने का शपथ लिया। उसके पश्चात ग्राम बासनपुर में ग्रामीण समुदाय ओर स्कूल के बच्चों शिक्षकों ने जागरूकता रैली निकालकर साथ ही शौचालय के हमेशा उपयोग पर रंगोली बना कर जागरूकता संदेश दिया।

# वित्त मंत्री ओपी चौधरी पहुंचे एजुकेशन सिटी जावंगा

## विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के बच्चों से की भेंट एवं बच्चों को किया दुलार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा





बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक उपरांत 19 नवम्बर को वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी अपने दंतेवाड़ा प्रवास पर एजुकेशन सिटी जावंगा पहुंचे। जहाँ उन्होंने एजुकेशन सिटी जावंगा के विभिन्न संस्थाओं कन्या शिक्षा परिसर, आस्था विद्या मंदिर, सक्षम, कन्या हायर सेकेण्डरी गीदम एवं केजीबीव्ही का अवलोकन किया। जैसे ही वित्त मंत्री के पहुंचने की खबर एजुकेशन सिटी को मिली तो सभी संस्थाओं में खुशी की लहर दौड़ उठी, सभी संस्थाओं ने मंत्री के स्वागत की तैयारी करने लगे।

विदित हो कि एजुकेशन सिटी के निर्माण अवधि में तत्कालीन कलेक्टर रहे ओम प्रकाश चौधरी ने एजुकेशन सिटी जावंगा के कल्पना को मूर्त रूप दिया और अपनी दूरगामी सोच से एजुकेशन सिटी को संवारा था।

अपने पहले प्रवास पर पहुंचे वित्त मंत्री ने सर्वप्रथम कन्या शिक्षा परिसर पहुंचकर संस्था को देखा इस दौरान बच्चों एवं शिक्षकों से चर्चा किया, इस दौरान बच्चों ने मंत्री चौधरी के समक्ष शिक्षकों की मांग के साथ कम्प्यूटर सेट, स्पोर्ट्स ड्रेस, टाटा मैजिक वाहन, कला मंच एवं नर्सिंग कॉलेज की मांग रखी इसके साथ ही चौधरी ने आस्था विद्या मंदिर में बच्चों एवं शिक्षकों से चर्चा कर संस्था का अवलोकन किया। इसके पश्चात वे कन्या हायर सेकेण्डरी गीदम पहुंचे जहां विद्यार्थियों ने वित्त मंत्री से डोम निर्माण, कम्प्यूटर सेट एवं कला मंच की मांग रखी। सक्षम विद्यालय पहुंचकर वित्त मंत्री ने दिव्यांग बच्चों से उनका हाल जाना और उनसे बात की इस दौरान बच्चों ने मंत्री के समक्ष अपनी बातें रखी और कुछ बच्चों ने गीत प्रस्तुत किया जिस पर मंत्री ने बच्चों को सराहा इसके बाद वित्त मंत्री ने केजीबीव्ही के अवलोकन पश्चात घुड़सवारी कार्यक्रम के संबंध में जाना और कार्यक्रम सराहा और छात्र-छात्राओं के किये गये मांग को तत्काल पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम, सहायक परियोजना समन्वयक राजेन्द्र पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी एस. रफिक, खण्ड स्त्रोत समन्वयक जितेन्द्र चौहान सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आधा दर्जन ग्रामीणों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची गोगुंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले के कोंटा विखं अंतर्गत गोगुंडा ग्रापं में बीते 10 दिनों में आधा दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों की मौत की खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। मौत की सूचना के बाद सोमवार को 8 सदस्य मेडिकल टीम गांव की ओर रवाना हो गई है। जिसमें 2 डॉक्टर, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन और आरएचओ शामिल हैं। सीएमएचओ कपिल कश्यप भी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। तीन दिन गांव में रहकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्रामीणों के मौत के कारणों का पता करने के साथ ही मेडिकल कैंप लगाएगी। बताया जा रहा है कि गोगुंडा व आसपास के इलाकों में मलेरिया का जबरदस्त प्रकोप है। बुखार से पीड़ित ग्रामीणों की मौत होना बताया जा रहा है। जानकारी मिलते ही सुकमा स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सीएमएचओ कपिल कश्यप ने बताया कि ग्रामीणों की मौत की सूचना मिली है जिसके बाद 8 सदस्य मेडिकल टीम गांव के लिए रवाना किया गया है। मैं स्वयं भी गोगुंडा पहाड़ी के नीचे बसे गांव बगड़ेगुड़ा में कैंप किया हूं। 3 दिन गांव में मेडिकल कैंप लगाकर ग्रामीणों का इलाज करेंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की मौत का कारण अभी पता नहीं चल सका है। इलाका बेहद नक्सल प्रभावित और दुर्गम इलाकें में से एक है। पहाड़ी और घने जंगल होने की वजह से गांव तक बुनियादी सुविधाएं तक नहीं पहुंच पाती हैं। 10 किमी ऊंची पहाड़ी चढ़कर मेडिकल टीम बड़ी मुश्किल से पहुंचती है।

### इलाज शुरू हो गया

कुछ ग्रामीणों के बीमार होने की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम को रवाना किया गया है। देर शाम तक टीम गांव पहुंच कर लोगों का इलाज शुरू कर दिया है। इलाका दुर्गम होने को वजह से थोड़ी परेशानी आ रही है। मौत के कारणों का पता किया जा रहा है।

देवेश कुमार ध्रुव, कलेक्टर

# संवेदनशील इलाके में बन रही सड़कें, डिप्टी सीएम साव ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

■ कलेक्टर को दिए गुणवत्तापूर्ण काम कराने के निर्देश



उपमुख्यमंत्री अरुण साव बीजापुर जिले के दौरे पर हैं। भैरमगढ़ में कलेक्टर संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद डिप्टी सीएम साव ने नेलसनार से गंगालूर तक निर्माणधीन सड़क का जायजा लिया। उन्होंने समय पर गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि यह सड़क जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि इस सड़क के बनने से संवेदनशील इलाके जिला मुख्यालय से आसानी से जुड़ सकेंगे। नक्सलियों का गढ़ कहे जाने वाले इस जिले में विभिन्न गांव स्थित है। 50 किलोमीटर की सड़क में 11 किलोमीटर तक का काम बाकी है।

### कार्यों का अवलोकन किया

बीजापुर को नारायणपुर से जोड़ने वाले पुल का भी अवलोकन किया। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने 5 किलोमीटर सड़क का अवलोकन कर कलेक्टर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मांगों और समस्याओं के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद उन्होंने भैरमगढ़ ब्लॉक के फुंडरी में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय पुल का अवलोकन किया। इस उच्च स्तरीय पुल से बीजापुर और नारायणपुर जुड़ेगा। इससे बीजापुर और रायपुर की दूरी कम होगी। बीजापुर के अतिसंवेदनशील क्षेत्र में निर्माणाधीन यह पुल माओवादी घटनाओं में भी अंकुश लगाएगा। बांगोली और बेलनार के ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा होगी। इसके साथ ही अंदरुनी क्षेत्रों के ग्रामीणों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का व्यापक स्तर पर लाभ मिलेगा। पुल निर्माण के बाद सड़कों के विस्तार के लिए सुरक्षा कैम्प स्थापित करने कलेक्टर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कांग्रेसियों ने मनाई इंदिरा गांधी की जयंती



**केशरपाल।** भानपुरी ब्लॉक के ग्रापं केशरपाल में सरपंच रामदेव कश्यप के नेतृत्व मे कॉंग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा स्व.इंदिरा गांधी की सादगीपूर्ण तरीके से जयंती मनाई। कांग्रेसजनों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। युवा कॉंग्रेस के पूर्व जिलाउपाध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी ने उनकी जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान ब्लॉक युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष अनील बघेल सहित अन्य कांग्रेसजनों द्वारा भी उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर सरंपच ग्राम पंचायत केशरपाल रामदेव कश्यप, उपसरपंच लक्ष्मीनाथ यादव,पंच शिवनाथ कश्यप, वासु यादव, रुपनाथ यादव, ग्यानु कश्यप, लेबो राम कश्यप, हेमराज कश्यप, उमेश यादव, महेश यादव, गणेश बघेल, बेनूराम आदि मौजूद रहे।

# अवैध घुसपैठ से बस्तर की डेमोग्राफी में बदलाव होने से आदिवासी जमीन और संसाधनों पर पड़ रहा विपरीत प्रभाव : कुंजाम

**बाहरी लोगों के निवास आधार व अन्य प्रमाण पत्र आसानी से बन रहे हैं, बेरोक टोक खरीद रहे संपति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

बस्तर संभाग क्षेत्र में अवैध घुसपैठ कर रहने वालों की आबादी निरंतर बढ़ने से बस्तर की डेमोग्राफी में बदलाव हो रहा है। इससे आदिवासी मूल निवासियों की जमीन व अन्य संसाधनों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। साल 1971 में बांग्लादेश के उदय के पश्चात हिंदू शरणार्थी बंगालियों को दंडकारण्य क्षेत्र के बस्तर में बांदे, पखांजूर, जगदलपुर के धरमपुरा, कोण्डागांव एवं फरसगांव, ओडिशा राज्य के मलकानगिरी जिले में बसाया गया। उस वक्त के कुछ सौ परिवार रहे होंगे और आज उनके आड़ में हजारों परिवार के लाखों की संख्या में लोग आ गए हैं। इससे बस्तर की डेमोग्राफी में तेजी से बदलाव आया है। जो यहां की आदिवासी जमीन एवं संस्कृति पर विपरीत प्रभाव डाल रहे हैं। उक्त बातें सीपीआई के पूर्व विधायक व बीआरएम के संयोजक मनीष कुंजाम ने कही। भाकपा नेता मनीष कुंजाम ने बस्तर में अवैध घुसपैठ पर रोक लगाने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र भी लिखा है। उन्होंने बताया कि अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं में 50 प्रतिशत शरणार्थी बंगाली हो गए हैं। बस्तर के अन्य कस्बो, शहरों व कई गांवों में इनकी तादाद तेजी से बढ़ रही है। बस्तर से लगे ओडिशा राज्य के मलकानगिरी में स्थिति और भी भयावह है। केवल बंगाली समुदाय ही नहीं, देश के अन्य प्रदेशों से भी लोग बड़ी संख्या में आ रहे हैं। उन्हें निवास आधार व अन्य प्रमाण पत्र मिल रहा है। वे जमीन व अन्य सम्पत्ति बेरोक टोक खरीद रहे हैं।

### झारखंड चुनाव में भाजपा ने बनाया था मुद्दा



मनीष कुंजाम ने कहा कि झारखंड के चुनाव में भाजपा ने अवैध बांग्लादेशियों को घुसपैठ कर वहां रहने बसने का मुद्दा उठाया था। यह एक धर्म विशेष के लोगों को निशाना बनाकर चुनाव में लाभ लेने का मुद्दा लगता है। भाजपा अवैध घुसपैठ के खिलाफ आवाज उठा रही है तो छत्तीसगढ़ के बस्तर में भी उक्त मुद्दे पर विचार करने की जरूरत है क्योंकि यहां भी भाजपा की सरकार है। बस्तर में ऐसे लोगों के आने का बाढ़ सा हो गया है। जल्दी रोका नहीं गया तो जनजातियों की आबादी का संतुलन बिगड़ जाएगा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का सरपंच ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



ग्राम पंचायत भोण्ड में राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बस्तर की 43 छात्राएं सम्मिलित हुई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सरपंच चंपा बघेल के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रभारी रीना आई जेक ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से लोगों में जन जागरूकता लाने एवं अपने कर्तव्यों का स्मरण रहने के उद्देश्य से इस शिविर में छात्राएं सम्मिलित हुई है। प्रतिदिन साफ-सफाई के अलावा 7 दिवसीय शिविर में दैनिक रूप से किए जाने वाले समस्त कार्यों को करेंगे। इस अवसर पर नोडल अधिकारी चंद्रभान मिश्रा, चन्द्रमणी दास, उमा तिवारी, हीरादेई बघेल, गायत्री साहू, पंकज देवांगन सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

### मारूति सुजुकी डिजायर लांच...

**जगदलपुर।** नई 2024 मारुति सुजुकी डिजायर को स्काई आॅटोमोबाइल्स जगदलपुर में लॉन्च किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनीष खुशरो, शाखा प्रबंधक, एसबीआई कलेक्टोरेट और अविनाश आचार्य, विकास अधिकारी, एलआईसी ऑफ इंडिया मौजूद रहे।




Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# अभी तो शुरुआत है मेरे पांच साल का कार्यकाल बचा है जनहित का कोई कार्य नहीं छूटेगा : देव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

मंगलवार को दरभा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत चिंगपाल में क्षेत्रीय विधायक किरण सिंह देव के मुख्य आतिथ्य में हायर सेकेण्डरी स्कूल चिंगपाल मैदान में सरस्वती साईकिल वितरण योजना का भव्य आयोजन हुआ। जहां किरण देव द्वारा ग्राम पंचायतों के कार्य एजेंसी वाले लगभग एक करोड़ रूपये के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकापर्ण किया। साथ ही दरभा जनपद पंचायत के अलग-अलग स्कूलों के 190 छात्राओं को सरस्वती साईकिल वितरण योजना से साईकिल प्रदान किया। इस दौरान सभा को सम्बोधित करते हुए किरण देव ने कहा की अभी तो शुरुआत है मेरे पांच साल का कार्यकाल बचा हुआ है जनहित का कोई कार्य नहीं छूटेगा।

उन्होंने छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राएं ग्रामीण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ पांच ग्राम पंचायतो, को पानी टेंकर भी वितरित किया गया। जिसमें कामानार, नेगानार, सेड़वा, ककालगुर, कोयनार आदि ग्राम पंचायत शामिल है। निर्माण कार्यों में जहां ककालगुर जैसे दुरुस्त ग्राम पंचायत को 20 लाख से ऊपर का कार्य मिला।वहीं उन छात्र-छात्राओं के परिजनों को चेक वितरित की गई जो विभिन्न बीमारियों और हादसों में अपना प्राण गंवा दिए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों के प्रचार्यो ने अपने-अपने स्कूलों के लिए बाउंड्री बाल की मांग की। वहीं पेयजल की मांग करने वाले जनप्रतिनिधियों ने भी अलग-अलग स्थानों के लिए हेंडपम्प उत्तखनन की मांग की।

इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष ए जानकी राव, जनपद उपाध्यक्ष अनंत कश्यप, जिला पंचायत सदस्य सीता नाग, मंडल अध्यक्ष फूलसिंह सेठिया, जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल, मंडल महामंत्री पीडी हरीश, विष्णु प्रताप कश्यप, गागराराम नाग, डलपत राय, धर्मेंद्र सिंह, दिनेश पांडे, मुन्नू सिंह, पीलूराम कश्यप, धीरनाथ, दुर्जन कश्यप, महादेव क़वासी, थलेश सेठिया, सरपंच ललिता कश्यप एवं गांव के ग्रामीण और विभागीय अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी केशरी लाल फाफा एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कृषि महाविद्यालय ने खेलकूद प्रतियोगिता में लहराया परचम, बने उपविजेता

**बैडमिंटन में प्रिया और प्रीति रहीं पहले व दूसरे स्थान पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दक्षिण दक्षिण जोन के अंतर्गत कुरुद में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉलेज जमैका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें रामप्रसाद पुताई कृषि कालेज एवं अनुसंधान केंद्र कांकेर ने अपनी 40 सदस्य टीम का गठन किया था। खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ नेता अजय चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में खेल से व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक कक्षाएं भी शामिल होती हैं। इस आयोजित प्रतियोगिता में खो-खो, भारो, वालीबॉल सहित सभी एथलेटिक्स खेलों के लिए दक्षिण क्षेत्र से लगभग 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कृषि कॉलेज के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन में प्रिया और प्रीति ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान, ऊंची कूद में भावेश, 800 मीटर की दौड़ में इंद्रजीत, भाला फाकेंक में टिकेश्वर, तवा फेंक डोनेश्वर और गौरव ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया और साथ ही कब्बडी, टेबल टेनिस में अमन लहरे, 400 मील दौड़ में इंद्रजीत, 1500 मील में चंद्रिका, निकलेश और अमन ने बैडमिंटन में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल पक्का कियाइ लंबी छलांग, 1500 मी, वॉलीबॉल बालिका खो-खो, वॉलीबॉल, टेबल तवा फॉक, टेनिस बालिका गोला फॉक, हाई जंप बालिका वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। कॉलेज की टीम को कुरुद में उपविजेता का खिताब मिला। वर्तमान कृषि महाविद्यालय पखांजूर में भी कांकेर द्वारा संचालित है। कहा जाता है कि खिलाड़ियों ने प्रथम बार इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रविका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते, 100 मील की दौड़, 200 मील की दौड़ और अपने खिलाड़ियों के साथ लंबी छलांग लगाई।



**आगे बढ़ने व सफलता पाने हमेशा रहे प्रयासरत**

पुरस्कार वितरण और समापन समारोह में इंदिरा गांधी कॉलेज रायपुर से अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा विशेष रूप से क्षेत्र से उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों में भाग ले ही लो आपके लिए महत्वपूर्ण है, हार से निराश होना जरूरी नहीं है और आगे बढ़ना और सफलता पाना हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। खेल अधिकारी के रूप में डॉ. लाइफ सलाम, इंजीनियर गंगाधर और अंसमाला और कोच के रूप में शामिल रहे। इस उपलब्धि पर कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. रस्तोगी ने सभी खिलाड़ियों और अधिकारियों को बधाई दी है। वेल्लोर प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण कृषि महाविद्यालय कुरुद अधिष्ठाता डॉ. पी एल जॉनसन, खेल अधिकारी, रेफरी सहित उनकी पूरी टीम की अहम भूमिका रही।


## खबर संक्षेप



### सानिध्य और आदित्य का नेशनल गेम्स क्रिकेट में चयन

**जगदलपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल बस्तर के 11वीं कक्षा के 2 छात्र सानिध्य सिंह ठाकुर और आदित्य कोर्राम का चयन स्कूल नेशनल गेम्स क्रिकेट के लिए हुआ है। दोनों छात्र आने वाले जनवरी में 68वीं स्कूल नेशन गेम्स जो कि पटना (बिहार) में होना है जहां उन्हें अपनी योग्यता दिखाने का अवसर मिलेगा। बस्तर जिला क्रिकेट संघ के सचिव केदार ठाकुर के मुताबिक दोनों छात्र बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं पिछले साल भी ये दोनों राष्ट्रीय स्तर क्रिकेट स्पर्धा में खेले थे। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल मनोज सिंह कोच सागर शर्मा और प्योर स्कूल के स्टाफ ने इन्हें बधाई देते और बेहतर भविष्य की कामना की।

### सतनामी समाज का शपथ ग्रहण



**जगदलपुर।** स्थानीय सतनाम भवन में विगत दिवस अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन किया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम समाज द्वारा सतनाम भवन में रखा गया था जिसमें अध्यक्ष देवराज खूंटे एवं उनकी नई कार्यकारिणी ने शपथ लिया। कार्यकारणी में उपाध्यक्ष हेमंत ओगर, सचिव आसमान चंदेल, सह सचिव रोहित चंदेल, तुषार, ढीढी कोषाध्यक्ष त्रिलोचन ओगर, सह कोषाध्यक्ष मनोज भारती, मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र बघेल तथा अन्य ने शपथ ली। शपथ समाज के वरिष्ठ पूर्व पदाधिकारी लाभूराम ओगर, इन्दर प्रसाद बंजारे, हीरालाल चंदेल के द्वारा करवाया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में समाज के सभी संत जन एवं महिलाएं अधिक संख्या मे उपस्थित रहे।

### कबूतर के चलते एक घंटे बंद रही बिजली



**जगदलपुर।** शहर में लगभग एक बजे मेन रोड सहित 4-5 से वार्डों में बिजली बंद होने से उपभोक्ताओं ने पॉवर हाऊस में शिकायत की। इस पर जगदलपुर जोन के कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी के नेतृत्व में आधा दर्जन कर्मचारियों ने सर्चिंग की। सर्चिंग में पता चला कि पॉवर हाऊस उपकेन्द्र में कबूतर चला हुआ मिला। बताया जा रहा है कि कबूतर के चलते उपकेन्द्र के 11 केव्ही का जम्फर कट गया, जिससे विजय वार्ड, प्रवीर वार्ड, प्रतापगंज वार्ड, सदर वार्ड सहित मेन रोड के लगभग 5 हजार उपभोक्ता परेशान रहे। कर्मचारियों ने एक घंटे तक सुधार करने के बाद बंद बिजली बहाल होने से उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

## आयोजन : कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

# किसानों की सुविधानुसार करें धान उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उचित निराकरण करने कहा

जिले के किसानों की सुविधाओं को दृष्टिगत करते हुए सभी धान उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर नीलेश क्षीसागर ने खाद्य अधिकारी एवं सभी नोडल अधिकारियों को दिए। उन्होंने विभागवार एवं अनुविभागवार लंबित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उचित निराकरण के लिए निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में 19 नवंबर की सुबह साढ़े 19 बजे से आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विगत सप्ताह के लंबित प्रकरणों के निराकरण की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने वन अधिकार पट्टो की ऑनलाइन एंट्री शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह नियद नेल्लानार योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए सैच्युरेशन मोड में आकर प्रत्येक हितग्राही को योजना का लाभ अनिवार्य रूप से दिलाने और निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा किए गए कार्यों की पोर्टल में त्वरित एंट्री करने के लिए भी कलेक्टर ने निर्देशित किया। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, सेतु निगम एवं अन्य निर्माणी विभागों के सड़क, पुल-पुलिया एवं भवन निर्माण के लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु उन्होंने निर्देश दिए। इसके साथ ही जिन निर्माण कार्यों की स्वीकृति शासन स्तर से प्राप्त नहीं हुई है, उन्हें डीएमएफ फंड से स्वीकृत करने का प्रस्ताव तैयार करने अधिकारियों को निर्देशित किया। आयोजित बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए प्रत्येक उपार्जन केन्द्र में आवश्यक एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए, ताकि किसानों को केन्द्र में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होने टोकन के आधार पर प्रत्येक केन्द्र में धान खरीदी के अलावा धान की मात्रा, आर्द्रता का प्रतिशत, उपलब्ध बारदाने, चबूतरा, धान से भरी बोरियों का समुचित ढंग से रख-रखाव, स्टेकिंग, ढंकने के लिए तारपोलिन की व्यवस्था, केन्द्रों का सतत निरीक्षण आदि अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश खाद्य अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों को दिए। इसके अलावा धान बेच चुके किसानों के रकबा समर्पण की कार्यवाही भी प्रारंभ करने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। साथ ही इसके लिए उनसे सहमति पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त करने की बात कही।



कलेक्टर ने बैठक में सामाजिक अंकेक्षण कार्य में तेजी लाते हुए संबंधित पंचायतों से राशि वापस लेने के लिए सभी एसडीएम एवं जनपद पंचायतों के सीईओ को 15 दिनों के भीतर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन निर्माण के अपूर्ण कार्यों का कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए शीघ्रता से गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए आवास निर्माण के पुराने कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने एवं नवीन स्वीकृत कार्यों को जल्द से जल्द प्रारंभ कराने के निर्देश सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को दिए। इसी तरह मनरेगा, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, ओडीएफ प्लस मॉडल विलेज, लखपति दीदी, जलजीवन मिशन, पीएमश्री स्कूल, पोषण पुनर्वास केन्द्र सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों कों आवश्यक निर्देश दिए।

**योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन करें**

इसके अलावा कलेक्टर ने सोमवार 18 नवम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जगदलपुर में ली गई बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक में प्राप्त निर्देशों के बारे में बताते हुए शासन की मंशानुरूप जिले में योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर डीएफओ आलोक वाजपेयी सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बस्तर ओलम्पिक की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




■ दो दिवसीय स्पर्धा की तैयारियां अंतिम चरण में

जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन जिला प्रशासन, जिला पुलिस बल एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 21 नवम्बर से 23 नवम्बर तक आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि उक्त तीन दिवसीय प्रतियोगिता में जिले के सभी सात विकासखण्ड के लगभग 03 हजार महिला एवं पुरूष प्रतिभागी सम्मिलित होकर विभिन्न खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सभी प्रतियोगिताएं का आयोजन शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में होगी। जिला स्तरीय ओलम्पिक प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर सांसद भोजराज नाग मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित होंगे। विशिष्ट अतिथि अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी, विधायक आशाराम नेताम और भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी सहित जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला एवं नगरपालिका परिषद अध्यक्ष सरोज ठाकुर उपस्थित रहेंगी।

खेल अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता के शुभारंभ दिवस गुरूवार 21 नवम्बर को जूनियर बालक-बालिका 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग तथा 22 एवं 23 नवम्बर 2024 को सीनियर वर्ग महिला-पुरुष 17 वर्ष व उससे अधिक का जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन खेलों मेंएथलेटिक्स 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, रिले रेस 4ग100, गोला फेंक, तवा फेंक, ऊंची कूद, लम्बी कूद सम्मिलित हैं।

इसी तरह तीरदांजी, 30 एवं 50 मीटर, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराते, कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल, वेटलिफ्टिंग, हॉकी एवं रस्साकसी (महिला सीनियर वर्ग) जैसे कुल 11 खेल आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इनमें जिले के सभी सातों विकासखण्ड में प्रथम स्थान प्राप्त बालक-बालिका एवं महिला-पुरुष के लगभग 3000 प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी संभाग स्तरीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेंगे।



## सहायक शिक्षक कल करेंगे धरना प्रदर्शन

**दुर्गुकोंदल।** सहायक शिक्षक से प्रधानपाठक पद पदोन्नति के लिए काउंसिलिंग के बाद भी सूची जारी नहीं किए जाने से नाराज सहायक शिक्षकों ने 21 नवंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। सभी सहायक शिक्षक छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला कांकेर के बैनर तले एक दिवसीय अवकाश लेकर 21 नवंबर को धरना प्रदर्शन करेंगे। संरक्षक देवकूप्रसाद, अध्यक्ष नीलकंठ शोरी, उपाध्यक्ष निर्भय कोवाची, घेवरचंद मरकाम, महेंद्र खुड़सुंगे ने बताया कि प्रधानपाठक पद पर पदोन्नति के लिए 28 और 29 अक्टूबर को काउंसिलिंग हुई है। फिर भी 22 दिन बीतने के बाद भी जिला शिक्षा कार्यालय से पदोन्नति सूची जारी नहीं की जा रही है। सहायक शिक्षक फेरडेशन विरोध कर रही है। जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यशैली और सूची जारी करने में विलंब के कारण एक दिवसीय धरना प्रदर्शन और रैली 21 नवंबर को किया जाएगा। सभी शिक्षक एक दिवसीय अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे।

## रानी लक्ष्मीबाई जयंती के साथ मिशन प्रहार का समापन




**भानुप्रतापपुर।** यूथ क्लब भानुप्रतापपुर द्वारा आयोजित मिशन प्रहार छात्राओं के लिए आत्मरक्षा शिविर 16 नवंबर से 19 नवंबर का समापन रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के साथ मंगलवार को हुआ । शिविर में प्रशिक्षक राजा दुबे ने छात्राओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा के बहुत से गुर सिखाए। जिसको लेकर नगर के छात्राओं मे काफी उत्सुकता देखने को मिली। भावेश साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में देश मे जहाँ महिलाओ के साथ अत्याचार, बलात्कार जैसी घटनाएं बढ़ती ही जा रही है ऐसे समय मे मिशन प्रहार जैसे आयोजन की काफी जरूरत है। इस अवसर पर युथ क्लब अध्यक्ष डिकेश साहू, हिमांशु ठाकुर, प्रेम शर्मा, विवेक डड़सेना, हर्ष शिवहरे, कनक राजपूत, गौरव श्रीवास्तव, हिमांशु जैन, वेद सिन्हा, चित्रांश निर्मलकर, भक्तेश्वर सिन्हा, कुणाल देवांगन, रॉकी पटेल, सुमित साहू आदि युथ क्लब के सदस्य, छात्राएं एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

## मूलभूत समस्याओं को लेकर ग्रामीण पहुंचे जनदर्शन, कलेक्टर ने दिया आश्वासन

**कांकेर।** साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों से कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। आयोजित जनदर्शन में कुल 90 आवेदन प्राप्त हुए।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 19 नवंबर को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आवासपारा पखांजूर से लिखनराम और रंजित गोलदार द्वारा राजकीय मार्ग क्रमांक 25 से छोटेकापसी में पुलिया निर्माण से हो रहे कृषक के भूमि का नुकसान की मुआवजा राशि, प्राणतोष सरकार एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा सोलर प्लेट सेट की व्यवस्था करने, ग्राम पंचायत दबेना में जलाशय क्रमांक-2 के मुख्य नगर पर पुलिया निर्माण कराने, सिंगराय में बिजली कनेक्शन दिलाने, ग्राम पंचायत गवाड़ी में किसेकोड़ो से गवाड़ी पहुंच मार्ग सह पुलिया निर्माण कराने के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर के केंवटी में लैम्पस प्रभारी द्वारा ग्रामीणों का पैसा गबन करने का शिकायत किया गया। मातला (ब) के उप सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा ग्राम में नलकूप खनन, बिजली व्यवस्था, पुल निर्माण, वनाधिकार पट्टा दिलाने, नवीन धान खरीदी केन्द्र, खाद्य एवं बीज वितरण केन्द्र संचालित करने, स्वास्थ्य केन्द्र को प्रतिदिन खुलवाने, बारदाना भवन निर्माण कराने, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, 40 मीटर पुलिया निर्माण कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। ग्राम कुम्हानखार और चिल्हाटी में सीसी रोड़ निर्माण, ग्राम खल्लारी के आंगनबाड़ी भवन मरम्मत, मण्डागांव में सोलर पंप सुधरवाने, जाति प्रमाण पत्र बनवाने, राशन कार्ड बनवाने, आवास की स्वीकृति, रोजगार एवं मुआवजा हेतु आवेदन के साथ विभिन्न मांग एवं शिकायत के आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर उचित कार्रवाई करने हेतु संबंधित अधिकारियों को अग्रेषित किया।

### हाटकोंदल में तय हुई रणनीति, अब आज से होगी धान खरीदी



**दुर्गुकोंदल।** धान खरीदी शुरू हुए 6 दिन हो गए पर भानुप्रतापपुर और हाटकोंदल में सरकारी धान खरीदी शुरू नहीं हो पाई थी। इसके लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रही थी। मंगलवार को हाटकोंदल में बैठक हुई, जिसके बाद प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में धान खरीदी की तैयारी की गई। इसके बाद 20 नवम्बर से खरीदी शुरू करने कहा गया।

खाद्य निरीक्षक शैलेन्द्र ध्रुव ने बताया कुछ समस्या थी ग्रामीणों के साथ बैठक कर दूर कर लिया गया है। मंगलवार से धान खरीदी शुरू हो जाएगी। बैठक में बुधवार सिंह ठाकुर, कमल कोसमा, जगदीश पटेल, आनंद तेता, कमलेश सरोज, कमल कोसमा, ललित हिड़को, शोपसिंह आंचला, मोहन ठाकुर, लखन ठाकुर, त्रिभुवन टेकाम, कन्हैया, सोनू नादे, दरबु कोसमा, लवन सिंह कश्यप, शशि दरों, उत्तम कुमार, राजू सिगोडिया, भोजा उईके, पूसऊराम दुग्गा, कंगाल सिंह, जगदीश पटेल व अन्य लोग उपस्थित रहे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

## पोषण बाड़ी योजनाः आलू, पालक मेथी बीज का किया गया वितरण



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के उद्यानिकी विभाग भंडारडिग्गी में सहायक संचालक करण सोनकर के निर्देशन में उद्यान अधीक्षक संदीप सोरी के मार्गदर्शन में उद्यान विभाग राज्य पोषित योजना अंतर्गत पोषण बाड़ी विकास योजना के अंतर्गत विकासखंड के चयनित ग्रामों में किसानों को आलू, पालक व मेथी बीज का वितरण किया गया।

इस दौरान उद्यान ग्रामीण विस्तार अधिकारी धीरज उईके, बिंदा पोटाई, माली शंकर उईके, आसा नरेटी, विजय कुमार उपस्थिति रहें। उद्यान अधीक्षक ने किसानों को पोषण बाड़ी योजना के अंतर्गत साग सब्जी का पैदावार खाद बीज दवाई तकनीकी जानकारी एवं अन्य सुविधाएं देखरेख एवं समय पर देखने की बात किसानों से कही। जिससे फसल उत्पादन में बढ़ोतरी हो और किसान अपने आय में बढ़ोतरी करें। साथ ही पोषण बाड़ी योजना के अंतर्गत चयनित ग्रामों का विशेष रूप से किसानों को उधानिकी विभाग के द्वारा बराबर मार्गदर्शन दे रहे हैं, जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है।







